### गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन उत्सव का संदेश

# आज होगा होलिका दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक



**नवभारत, शहडोल।** फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर आज पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ होलिका दहन मनाया जाएगा। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है और रंगों के त्योहार होली की शुरुआत का संकेत देता है। शाम के समय विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा, जिसके बाद लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं देंगे।

## पौराणिक मान्यता

होलिका दहन की परंपरा प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ी है। मान्यता के अनुसार, असुर राजा हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति से रोकने के लिए अनेक प्रयास किए। अंततः उसने अपनी बहन होलिका को प्रह्लाद को आग में लेकर बैठने का आदेश दिया। लेकिन ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका जलकर भस्म हो गई। तभी से होलिका दहन बुराई के अंत और सत्य की विजय का प्रतीक बन गया।

## तैयारी और सुरक्षा इंतजाम

शहर के विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर होलिका दहन के लिए लकड़ियों और उपलों से चिता सजाई गई है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। अग्निशमन विभाग की टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, लोगों से अपील की गई है कि वे प्लास्टिक या रबर जैसी हानिकारक वस्तुएं आग में न डालें, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। पंडितों के अनुसार, प्रदोष काल में होलिका दहन करना शुभ माना जाता है। पूजन के दौरान महिलाएं और पुरुष कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा करते हैं तथा नई फसल की बालियां अग्नि में अर्पित करते हैं। इसके बाद परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन धुरेड़ी या रंगवाली होली मनाई जाएगी। बच्चे और युवा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और रंगों से सराबोर होकर खुशियां बांटेंगे। बाजारों में पिचकारियों, गुलाल और मिठाइयों की खरीदारी चरम पर है। होलिका दहन का यह पर्व समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

## प्राकृतिक रंगों और भाईचारे का संदेश

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के दृष्टिगत प्राकृतिक और हर्बल रंगों से होली खेलें। पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प लें। हुड़दंग और नशे से दूर रहकर आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ उत्सव मनाएं।

### लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ का उपयोग

शासन के निर्देशानुसार, पर्यावरण संरक्षण व वनों की कटाई से बचाने के लिए इस बार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ी) और उपलों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए जन-सहभागिता और सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर गौकाष्ठ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



# सिर्फ त्यौहारों में जागता है खाद्य विभाग

▶ शेष दिनों में जनता खाए मिलावटी मीठा जहर

**नवभारत, शहडोल ।** होली आते ही प्रशासन को अचानक मिठाइयों की याद आ गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर जिले में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। शहडोल और बुढार की मिठाई दुकानों पर औचक निरीक्षण, सैंपलिंग और कार्रवाई की चेतावनीकृसब कुछ हो रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या मिलावट सिर्फ त्योहारों में होती है ?साल भर मिठाई दुकानों में बिकने वाली सामग्री की जांच कौन करता है ? आम दिनों में क्यों नहीं चलता ऐसा अभियान ? क्या जनता का स्वास्थ्य सिर्फहोली और दिवाली पर ही महत्वपूर्ण होता है ?

## दुकानों में नहीं होती तारीख की अनिवार्यता

जिले की अधिकांश मिठाई दुकानों में खुले में रखी मिठाइयों पर निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट का कोई उल्लेख नहीं मिलता। ग्राहक यह तक नहीं जान पाता कि जो रसगुल्ला, कलाकंद या खोवा वह खरीद रहा है, वह ताजा है या कई दिन पुराना। त्योहारों में खपत बढ़ती है तो पुराने और घटिया माल को नए रूप में परोस दिया जाता है। बासी मिठाई से नई मिठाई तैयार करने की शिकायतें भी आम हैं।

## स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक

मिलावटी खोवा, सिंथेटिक दूध, रंग और केमिकल से बनी मिठाइयाँ सीधे लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करती हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह खतरा और भी गंभीर है।अगर विभाग सालभर नियमित जांच करे, निर्माण तिथि और गुणवत्ता मानकों को सख्ती से लागू करे, तो मिलावटखोरों के हौसले पस्त हो सकते हैं। लेकिन हकीकत यही है कि त्योहारों में दिखावे की सख्ती और बाकी दिनों में ढिलाईकृयही सिस्टम बन गया है।

### क्या सिर्फ मीडिया कवरेज के लिए जांच अभियान

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गणेश मिष्ठान, श्याम मिष्ठान, अंकुर स्वीट्स, जोधपुर स्वीट्स, आदर्श भोग भंडार सहित कई दुकानों की जांच की गई। शहडोल नगर में भी शिव डेरी, गोकुल डेयरी, राजस्थान स्वीट्स, बबलू डेरी, पंजाब डेरी और कोलकाता डेयरी से सैंपल लिए गए। रसगुल्ला, कलाकंद और खोवा जैसे उत्पादों के नमूने लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है।लेकिन सवाल यह है कि क्या हर साल यही प्रक्रिया दोहराई नहीं जाती रिपोर्ट आती है, कुछ नोटिस जारी होते हैं, और फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।





# भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित

**नवभारत, शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026' के अंतर्गत जिला स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया एवं जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने की। कार्यक्रम में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, ब्योहारी विधायक शरद कोल सहित जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाली विचार आधारित पार्टी है। उन्होंने कहा कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। प्रशिक्षण को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए उन्होंने टीम भावना, संवाद कौशल और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।

जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे ने मंडल स्तर पर शीघ्र प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन और संगठन से राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य इस अभियान का मूल उद्देश्य है। प्रशिक्षण सत्रों में पार्टी का इतिहास, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, शासन की योजनाएं, सोशल मीडिया और नई तकनीक जैसे विषय शामिल किए जाएंगे। उन्होंने एकात्म मानववाद के सिद्धांत को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने मंडलवार प्रशिक्षण की कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व की मंशा के अनुरूप जिले में प्रशिक्षण महाअभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में डिजिटल उपकरणों एवं एआई के उपयोग, केस स्टडी आधारित सत्र तथा विशेषज्ञों की सहभागिता पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में विधायकगण, जिला व मंडल पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बस हड़ताल टली, शहडोल जिले में यात्रियों को राहत



**नवभारत, शहडोल।** जिलाबस ऑनर्स एसोसिएशन शहडोल के उपाध्यक्ष रईस अहमद पप्पू भाई ने बताया कि प्रस्तावित 2 मार्च 2026 से शुरू होने वाली बस हड़ताल फिलहाल टल गई है, जिससे शहडोल जिले के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। डॉ. मोहन यादव से सकारात्मक चर्चा और शासन की अधिसूचना/सूचना को होल्ड करने के निर्देश के बाद मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की है।मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बस ऑपरेटर्स के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के हर ग्रामीण अंचल तक सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रियों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर परिवहन सेवा मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

## शहडोल संभाग में राहत की सांस

बस हड़ताल की घोषणा से शहडोल जिले के ग्रामीण इलाकोंकृबुढार, जैतपुर, ब्योहारी सहित दूरस्थ अंचलोंकृके यात्रियों में चिंता बढ़ गई थी। जिले में निजी बसों के माध्यम से ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी, मरीज और कामकाजी लोग रोजाना आवागमन करते हैं। हड़ताल की स्थिति में जनजीवन प्रभावित होने की आशंका थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि बस ऑपरेटर्स की सभी शंकाओं और कठिनाइयों का समाधान आपसी चर्चा से निकाला जाएगा। उन्होंने परिवहन मंत्री को निर्देश दिए हैं कि एसोसिएशन के पदाधिकारी उनसे मिलकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं। दोनों पक्षों की सहमति के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिसूचना फिलहाल होल्ड

मुख्यमंत्री द्वारा शासन की एक सूचना और अधिसूचना को होल्ड करने के निर्देश दिए जाने के बाद बस ऑनर्स एसोसिएशन ने 2 मार्च से प्रस्तावित हड़ताल वापस लेने का ऐलान किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संतोषजनक समाधान की दिशा में पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।बैठक में परिवहन सचिव मनीष सिंह सहित एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रदेश के दस संभागों से आए बस ऑनर्स उपस्थित थे।

### इनका कहना है



फिलहाल हड़ताल टलने से शहडोल जिले में बस सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री महोदय ने पूर्व में जारी की गई अधिसूचना को फिलहाल रोक दिया गया है साथ ही आश्वासन दिया गया है ।

**रईस अहमद ( पप्पू )**
**उपाध्यक्ष**



जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन नई परिवहन नीति के विरोध में बस ऑनर्स द्वारा हड़ताल की घोषणा की गई थी जिसे फिलहाल मुख्यमंत्री महोदय के स्थगन के बाद स्थगित कर दिया गया है। नई परिवहन नीति से बस का व्यापार समाप्त हो जाता और लाखों लोगों के रोजगार पर संकट आ खड़ा होता।

**मृगेन्द्र कुमार मिश्रा**
**संचालक**

# आरकेटीसी कंपनी का एक और कारनामा !



▶ *कबाड़ की चोरी में आरकेटीसी के हाथ हुए काले!

**नवभारत, धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत अमलाई ओसीएम में ओबी उत्खनन का कार्य कर रही निजी कंपनी आरकेटीसी का और कारनामा सामने आया है जिससे एसईसीएल प्रबंधन के जिम्मेदार भी शर्मसार हो जाएंगे अमलाई ओसीएम अंतर्गत मैगजीन वॉच टावर पीछे वाली सड़क से कबाड़ की बड़ी मात्रा पकड़ी गई पुख्ता सूत्रों से प्राप्त खबर और पुलिस अनुसंधानों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 10 क्विंटल कबाड़ आरकेटीसी के तथाकथित कर्मीचारियों और मातहतों मनोज महोबिया और श्रीकांत दहिया के संरक्षण में चोरी छुपे गाड़ी क्रमांक के 30 में जिसका चालक सुभाष बर्मन था उसकी गाड़ी में अवैध कबाड़ लोड करवाया गया और उसे कहा गया की इसे पीछे पुलिया के पास मैगजीन रोड में डंप कर देना बाकी वहां से स्थानीय कबाड़ियों के गुर्गे उक्त माल को गायब कर देंगे इसकी गुप्त जानकारी जब पुलिस प्रशासन धनपुरी को हुई तब थाना धनपुरी से उपनिरीक्षक श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह सहायक उपनिरीक्षक विनोद तिवारी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की कबाड़ की एक वृहद मात्रा मैगजीन रोड पर अपने आकाओं का इंतजार कर रही है जानकारी लगते ही वहां आरकेटीसी प्रबंधन के कुछ कर्मी भी पहुंचे जहां पर उन्होंने उक्त कबाड़ को देखा और क्र्यज्ञष्ट के ही कई कर्मियों ने स्थानीय पुलिस के सामने मनोज महोबिया और श्रीकांत दहिया का नाम लिया जिससे यह बात स्पष्ट हो जाती है की उक्त पुलिस द्वारा जप्त कबाड़ आरकेटीसी के मातहतों और करीबियों द्वारा ही संबंधित स्थल तक पहुंचवाया गया।

## पुलिस ने कबाड़ को लिया अपनी अभिरक्षा में


धनपुरी थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह ने उक्त कबाड़ को अपनी अभिरक्षा में लेकर विवेचना शुरू कर दी है उन्होंने कहा की इसमें कंपनी के कर्मियों का नाम सामने आया है और अगर जांच उपरांत यह पाया गया की इसमें कंपनी के कर्मियों का हाथ हैं तो विधि अनुरूप कर्मियों और आरकेटीसी प्रबंधन पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### इनका कहना है

इस सम्बन्ध मे धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंन्द्रो से बात की गई लेकिन उनके द्वारा इस सम्बन्ध मे कोई टिप्पणी नहीं की गई।

### शोषण, दलाली व श्रम कानूनों के उल्लंघन के साथ चोरी का दाग

अमलाई ओपन कास्ट माइंस अंतर्गत ओबी उत्खनन हेतु कार्यरत निजी कंपनी लगातार सुर्खियों में हैं और सुर्खियां भी सिर्फ नकारात्मक पहले क्षेत्र के कुछ दलालों के हाथ में नियम के विपरीत जाकर लाइजनिंग का कार्य तिवारी बंधुओं को सौंपना डॉक्टर राज तिवारी और राकेश तिवारी की युगल जोड़ी लगातार कोल इंडिया के नियमो के साथ साथ रेड्डी और शिवदत्त के संरक्षण में श्रम कानूनों का घोर उल्लंघन कर रही साथ ही कर्मियों का शोषण भी कर रही है कंपनी में राज राकेश अभिषेक देवी नरेंद्र और रमन्ना के गठजोड़ से लगातार अनियमितताएं पनपती जा रही है जो की एसईसीएल प्रबंधन सोहागपुर क्षेत्र के लिए एक काला अध्याय है आए दिन कोई ना कोई लापरवाही मजदूरों का शोषण कोल इंडिया द्वारा सुनिश्चित किए गए नियमों का उल्लंघन स्ङ्कका उल्लंघन डीजीएमस के सुरक्षा नियमो की धज्जियां उड़ाना मजदूरों की गाढ़ी कमाई पर दलालों का डाका आम बात हो कर रह चुकी है अगर समय रहते आरकेटीसी की अनियमित और स्वयंभू कार्यशैली पर एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंकुश नहीं लगाती तो आने वाले समय में पूर्व में हुई कुशवाहा नामक श्रमिक की मौत से भी ज्यादा बड़े हादसे अमलाई ओपन कास्ट माइंस क्षेत्र अंतर्गत होने की प्रबल संभावना नजर आती हुई दिखाई दे रही है।



# क्रेशर प्लांट के कार्यालय में घुसा तेंदुए का शावक

▶ वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित पकड़ा

**नवभारत, कटनी।** जिले के जाजागढ़ बिचपुरा स्थित महालक्ष्मी क्रेशर प्लांट के कार्यालय में शनिवार को एक तेंदुए का शावक घुस गया। शावक को अचानक कार्यालय में देखकर कर्मचारियों में दहशत फैल गई। कार्यालय में तेंदुए के शावक घुसने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तत्काल रेस्क्यू कार्रवाई करते हुए शावक को पकड़ा और उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार बड़वारा-बरही वन परिक्षेत्र के अंतर्गत महालक्ष्मी क्रेशर प्लांट वन क्षेत्र की सीमा से सटा हुआ है। शनिवार को जब प्लांट के कार्यालय में कामकाज चल रहा था, तभी लगभग दो माह का एक तेंदुआ शावक भटकते हुए परिसर के अंदर आ गया और सीधे कार्यालय के कमरे में घुस गया। जिसकी सूचना कर्मचारियों ने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला और डिप्टी रेंजर पंकज दुबे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग के कर्मचारियों ने सुरक्षा घेरा बनाकर शावक को बिना नुकसान पहुंचाए सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और उसे सुरक्षित पकड़ लिया।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया शावक लगभग दो महीने का है। वह अपनी मां से बिछड़कर भोजन या पानी की तलाश में रिहायशी इलाके की ओर आ गया था। शावक को फिलहाल विभागीय निगरानी में रखा गया है।

# सड़कों से हटाए गए आवारा मवेशी, भेजा कांजी हाउस

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम की हांका गैंग द्वारा शहर में आवारा घूम रहे मवेशियों हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मवेशी को पकड़कर उन्हें कॉजी हाउस भेजा जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि देर शाम माधव नगर के विभिन्न मार्गों सहित मुड़वारा रेलवे स्टेशन मार्ग में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 15 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर काऊ कैचर वाहन से अमीरगंज कांजी हाउस भेजा गया। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों में घुमंतू मवेशी पाए जाने पर उनके मालिकों की पहचान कर संबंधित पशुपालकों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की गई है। नगर निगम ने पशुपालकों से कहा है कि वे अपने मवेशियों को खुला नहीं छोड़ें। निर्धारित स्थलों में बांधकर रखें।

# तेज रफ्तार बेलगाम ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

▶ माधवनगर थाना क्षेत्र के जरवाही छैघरा मार्ग पर हुआ हादसा

**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत जरवाही-छैघरा गांव रोड पर एक ट्रक की टक्कर से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जरवाही गांव निवासी राममिलन पिता संजय कुशवाहा शुक्रवार शाम राममिलन अपने घर की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। हादसे के बाद गांव में तनाव का महौल हो गया है। ग्रामीण आरोपी चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस ने स्थित को सम्हालते हुए मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। बतादें कि जिले की सड़कें हादसे में लाल हो रही है। पुलिस विभाग हादसों को रोकने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन वाहन चालकों की लापरवाही हादसे को अंजाम दे रही है।